Prepp
Your Personal Exams Guide

# खंड-1

**(General Hindi/सामान्य हिन्दी)**

**( अधिकतम अंक-100 )**

**अनुदेशः**

- उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 500 शब्दों में निबंध लिखिये: 30

   (क) स्वच्छ भारत अभियान
   (ख) भारत की शिक्षा एवं संस्कृति
   (ग) तीर्थयात्रा वर्णन
   (घ) दूरदर्शन द्वारा शिक्षा
   (ङ) "मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना"
   (च) परिश्रम स्वर्ग से भी बढ़कर बहुमूल्य वस्तु है।

2. निम्नलिखित अवतरण का एक-तिहाई शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिये। 15

   "मुझे मानव जाति की दुर्दम-निर्गम धारा के हजार वर्ष का रूप साफ दिखाई दे रहा है। मनुष्य की जीवन-शक्ति बड़ी निर्मम है, वह सभ्यता और संस्कृति के वृधा मोहों को रौंदती चली आ रही है। न जाने कितने धर्माचारों, विश्वासों, उत्सवों और व्रतों को धोती, बहाती यह जीवन धारा आगे बढ़ रही है। संघर्षों से मनुष्य ने नई शक्ति पाई है। हमारे सामने समाज का आज जो रूप है वह न जाने कितने ग्रहण और त्याग का रूप है। देश और जाति की विशुद्धि संस्कृति केवल बात की बात है। सब कुछ में मिलावट है, सब कुछ अविशुद्ध है। शुद्ध है केवल मनुष्य की दुर्दम जिजीविषा (जीने की इच्छा)। वह गंगा की अबाधित-अनाहत धारा के समान सब कुछ को हजम करने के बाद भी पवित्र है।"

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिये: $1 \times 10 = 10$

   (क) गुरु के ऊपर श्रद्धा रखनी चाहिये।
   (ख) वह आगे बढ़ सकने का प्रयत्न करता है।
   (ग) देवता को एक फूलों की माला चढ़ा दी।
   (घ) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।
   (ङ) पंडितजी कहे हैं कि कल छुट्टी रहेगी।
   (च) लड़के और लड़कियाँ खेल रहे हैं।
   (छ) पुलिस ने हरि में आरोप लगाया।
   (ज) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ।
   (झ) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह हो रहा है।
   (ञ) उसे मृत्युदंड की सजा मिली है।

4. निम्नलिखित मुहावरे-कहावतों में से किन्हीं पाँच का अर्थ लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिये: $3 \times 5 = 15$

   (क) दाँत काटी रोटी
   (ख) हवा से बातें करना
   (ग) हाथों के तोते उड़ना
   (घ) दो दिन का मेहमान
   (ङ) आस्तीन का साँप
   (च) कुएँ में भांग पड़ी
   (छ) जहाँ चाह, वहाँ राह
   (ज) जस दूल्हा, तस बनी बरात
   (झ) नीचे के दाँत नीचे, ऊपर के दाँत ऊपर रह जाना
   (ञ) हीरा मुझसे ना कहे लाख हमारी मोल

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण प्रकाश डालिये। 10

6.(अ) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिये: ½ × 5 = 2½

| | |
|---|---|
| (क) शरीर | (च) सेना |
| (ख) गंगा | (छ) अतिथि |
| (ग) झंडा | (ज) शत्रु |
| (घ) अग्नि | (झ) आकाश |
| (ङ) बादल | (ञ) हवा |

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के विलोम शब्द लिखिये: ½ × 5 = 2½

| | |
|---|---|
| (क) असंतोष | (च) संधि |
| (ख) आलस्य | (छ) निंदनीय |
| (ग) अभिमान | (ज) जड़ |
| (घ) कृतज्ञ | (झ) कृपण |
| (ङ) मुक्ति | (ञ) शयन |

7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच वाक्यांशों के लिये एक शब्द लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये: 1×5=5

| | |
|---|---|
| (क) दस मुखोंवाला | (च) जो शक्तिहीन हो |
| (ख) जिसमें जान न हो | (छ) उच्च कुलवाला |
| (ग) पंद्रह दिन का समूह | (ज) जो बात पहले हो चुकी हो |
| (घ) जो पढ़ने लायक हो | (झ) दूसरे के मन को जानने वाला |
| (ङ) जो ग्रहण करने योग्य न हो | (ञ) कविता लिखने वाला |

8. सर्वनाम की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिये। 1×5=5

9. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये: 1×5=5

| | |
|---|---|
| (क) उपरोक्त | (च) उत्तरदाई |
| (ख) आर्शिवाद | (छ) निश्पक्ष |
| (ग) महत्त्वाकांछा | (ज) पृष्टपेशन |
| (घ) मान्यनीय | (झ) रचइता |
| (ङ) दुस्कर | (ञ) औसधी |